# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 03.09.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- झारखंड में बंद कोयला खदानों के पुनर्पयोग की पहल, गिरिडीह और करमा ओसीपी पायलट प्रोजेक्ट के लिए चयनित।
- वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर आज विभागीय अधिकारियों के साथ राजस्व संग्रह की करेंगे समीक्षा।
- रांची के खेलगांव स्थित स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आज से सेना भर्ती रैली शुरू, हर जिले के अभ्यर्थी के लिए तिथि निर्धारित।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो कल श्रीहरिकोटा से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ई.ओ.एस.–05 का प्रक्षेपण करेगा।
- रांची–टोरी रेलखंड पर नगड़ी नयासराय रेलवे फाटक पर ट्रैक पुनर्निर्माण कार्य, कल रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक आवागमन रहेगा बंद।

**********************

झारखंड में बंद होने वाली कोयला खदानों के वैज्ञानिक पुनर्वास और सतत पुनर्पयोग की दिशा में एक अहम पहल की गई है । राज्य सरकार ने गिरिडीह ओपन कास्ट प्रोजेक्ट और रामगढ़ जिले की करमा ओसीपी को पायलट परियोजना के रूप में चयनित किया है। इस संबंध में रांची में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में दोनों खदानों के लिए भारत सरकार को अनुशंसा भेजने पर सहमति बनी। यह पहल भारत सरकार के कोयला मंत्रालय और जर्मनी की संस्था जीआईजेड के सहयोग से संचालित टीसीसीएम परियोजना के अंतर्गत की जा रही है। बैठक में खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव अरवा राजकमल सहित राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, कोल कंट्रोलर ऑर्गनाइजेशन, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड तथा सीएमपीडीआई के अधिकारी मौजूद रहे।

**********************

वाणिज्य कर विभाग में राजस्व संग्रहण को लेकर विभागीय मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में आज समीक्षा बैठक होगी। इसमें राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के निरीक्षण, ऑडिट आपत्तियों पर कार्रवाई और सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट में लंबित मामलों की स्थिति की भी समीक्षा होगी।

**********************

नेपाल में आई भीषण प्राकृतिक त्रासदी के बीच भारत के राहत एवं बचाव कार्यों को लगातार गति दी जा रही है। इसी क्रम में भारतीय वायुसेना के माध्यम से राहत सामग्री की 5वीं खेप नेपाल पहुंची है। केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। श्री सेठ ने कहा कि संकट की हर घड़ी में भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ मजबूती से खड़ा है।

**********************

रांची नगर निगम क्षेत्र में आगामी पर्व–त्योहारों और मॉनसून के मद्देनजर पथ बत्ती व्यवस्था को बेहतर एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए अपर नगर आयुक्त संजय कुमार की अध्यक्षता में विद्युत शाखा की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मती, शिकायतों के त्वरित निष्पादन, नियमित पेट्रोलिंग और आवश्यकता वाले क्षेत्रों में नई स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने संबंधित समीक्षा की गई। अपर नगर आयुक्त ने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। निगम ने नागरिकों से खराब स्ट्रीट लाइट की सूचना टोल फ्री नंबर 1800 570 1235 पर देने की अपील की है।

**********************

रांची विश्वविद्यालय में पीएचडी के नए नियमों को लेकर आदिवासी एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग और अंग्रेजी विभाग के शोधार्थियों ने अपनी समस्याओं को लेकर कुलपति से मुलाकात की. विद्यार्थियों ने कहा कि नियमों में बदलाव के कारण उन शोधार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है, जिन्होंने पुराने नियम के तहत प्रक्रिया पूरी की है.

**********************

देवघर जिले के पुलिस लाइन में 18 करोड़ की लागत से एक आधुनिक 7 मंजिला पुलिस भवन का निर्माण किया जाएगा। इस नए प्रशासनिक परिसर की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इसमें जिले के चार महत्वपूर्ण और विशेष थाने एक ही छत के नीचे संचालित होंगे।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

**********************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा है कि पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ई. ओ.एस.–05 का प्रक्षेपण कल मध्यरात्रि दो बजकर 55 मिनट पर श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से किया जाएगा। उपग्रह को जी.एस.एल.वी.–एफ–17 रॉकेट से प्रक्षेपित किया जाएगा। ईओएस–05 अत्याधुनिक पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है। यह भू–समकालिक कक्षा में स्थापित किया जाने वाला भारत का पहला इमेजिंग उपग्रह है।

**********************

रांची के खेलगांव स्थित स्पोट्स कॉम्प्लेक्स, होटवार में आज से  सेना भती की प्रक्रिया शुरू हो गयी। सेना भतीं के लिए हर जिले और ट्रेड के लिए तिथि भी निर्धारित की गयी है. रैली 15 सितंबर तक होगी।

**********************

राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के मौके पर रिम्स में नेत्रदाता परिवार सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में नेत्रदान करने वाले 20 परिवारों को सम्मानित किया गया। रिम्स निदेशक प्रो. डॉ डी.के. सिन्हा ने नेत्रदाता परिवारों का आभार जताते हुए कहा कि नेत्रदान समाज के लिए बड़ी सेवा है।

**********************

तेल कंपनियों ने पेट्रोल –डीजल और एक्सट्रा प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 38 पैसे की बढ़ोतरी की है। राजधानी रांची में अब पेट्रोल की कीमत 105 रूपये 64 पैसे और डीजल की कीमत 100 रूपये 87 पैसे प्रति लीटर हो गई है। बढ़ी हुई कीमतें आज सुबह से लागू हो गई है।

**********************

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों में आज दोपहर के सत्र में मामूली बढ़त देखी गई। ताजा जानकारी के अनुसार सेंसेक्स 209 अंक बढ़कर 76 हजार 779 पर और निफ्टी 53 अंक बढ़कर 23 हजार 967 पर पहुंच गया। क्षेत्रीय स्तर पर, रियल एस्टेट, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और पूंजीगत वस्तुएं प्रमुख लाभ कमाने वाले क्षेत्र रहे।

**********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 43 हजार 700 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत दो लाख 44 हजार रूपये प्रति किलो है।

**********************

रांची–टोरी रेलखंड पर नगड़ी प्रखंड के नयासराय रेलवे फाटक आरटी 5 पर ट्रैक पुनर्निर्माण कार्य के कारण कल रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक आवागमन बंद रहेगा। रेलवे प्रशासन ने कहा कि  यह कार्य रेल परिचालन की सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है, इसलिए वाहन चालक और आम लोग इस अवधि में वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

**********************

झारखंड में अगले चार दिनों तक भारी बारिश से राहत मिलने के आसार हैं मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि निम्न दबाव का क्षेत्र झारखंड से आगे बढ़ गया है। हांलाकि इस दौरान कई जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे  बारिश और वज्रपात की भी संभावना है ।
इधर जमशेदपुर में स्वर्णरेखा और खरकई नदी के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। मंगलवार की तुलना में दोनों नदियों के जलस्तर में कमी आई है।। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे जमशेदपुर संवाददाता

**********************

दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में श्रावणी मेले के बाद अब भादो मेला चल रहा है। भादो मेले में भी हर दिन हजारों शिवभक्त बाबा फौजदारीनाथ का जलाभिषेक कर रहे हैं।  सावन की तरह भादो में भी यहां कतार व्यवस्था जारी है, लेकिन अरघा हटा लिया गया है।

*****************